# थापर इंस्टीट्यूट ऑफ टैकनोलजी के रोटरैक्ट क्लब का सामाजिक सेवा में योगदान सराहनीय: डी आई जी पटियाला रेंज कुलदीप सिंह चहल

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

पटियाला केसरी

Page No. 03 Dated 11-04-2026

## थापर इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के रोटरैक्ट क्लब का सामाजिक सेवा में योगदान सराहनीय : डी.आई.जी. पटियाला रेंज कुलदीप सिंह चहल

पटियाला, 10 अप्रैल (बलजिन्द्र): थापर इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के रोट्रैक्ट क्लब के सदस्य अरमान मलिक, स्नेहा बरनावल और शेखर चौरसिया ने स्टेट अवॉर्डी परमिंदर भलवान की अगुवाई में डी.आई.जी. पटियाला रेंज कुलदीप सिंह चहल से मुलाकात की। उन्होंने रोट्रैक्ट क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा कार्यों की जानकारी दी।

डी.आई.जी. पटियाला रेंज कुलदीप सिंह चहल को रक्तदान शिविर का निमंत्रण पत्र देते हुए स्टेट अवॉर्डी परमिंदर भलवान, अरमान मलिक, शेखर चौरसिया और स्नेहा बरनावल। (सुखविंदर)

उन्होंने बताया कि उनकी टीम सामाजिक संस्थाओं यूथ फैडरेशन ऑफ इंडिया और पावर हाऊस यूथ क्लब के सहयोग से समय-समय पर पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेती है। इसके अलावा वे रक्तदान शिविर, मैडीकल कैंप, महिलाओं और लड़कियों को सैनेटरी पैड वितरित करने, पर्यावरण शुद्धता के लिए पौधारोपण जैसे कई कार्य भी करते हैं। उन्होंने डी.आई.जी. कुलदीप सिंह चहल को रोट्रैक्ट क्लब द्वारा आयोजित किए जा रहे विशाल रक्तदान शिविर का निमंत्रण पत्र भी सौंपा, जो रिदम घई, समृद्ध चोपड़ा और अभय कंबोज द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर डी.आई.जी. कुलदीप सिंह चहल ने रोट्रैक्ट क्लब की सराहना करते हुए कहा कि जहां ये छात्र उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी अहम योगदान दे रहे हैं, जो बेहद सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि यूथ फैडरेशन ऑफ इंडिया और पावर हाऊस यूथ क्लब के सहयोग से पंजाब पुलिस के नशा विरोधी कार्यक्रमों में वालंटियर के रूप में भाग लेना एक प्रशंसनीय कदम है।

उन्होंने यह भी कहा कि ब्लड बैंकों में खून की कमी को देखते हुए इस तरह के बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय प्रयास है और वे इस शिविर में अवश्य शामिल होंगे।